ST.MONTFORT SCHOOL, PATEL NAGAR BHOPAL

PLANTATION WEEK

“Let’s Nurture the nature so that we can have a better future”

St.Montfort School, Bhopal, celebrated Van Mahotsav week from 7 July 2021 to 14 July 2021 according to the instructions issued by the DEO, Bhopal.

20 saplings were gifted by Sankul, Anand Nagar Government High School, Principal, Mr. Ranjan Sharma, to the Principal of St.Montfort School, Bhopal.

The School celebrated this day on 8 July 2021 in the school premises following the Covid Protocols .The saplings were planted by Chief-Guest Provincial Superior Rev. Bro. James Ekka, host School Principal , Rev. Bro.Monachan K.K., Vice Principal, Rev Bro.Binu C.C., Coordinators :-Sr.Jainy, Sr.Angel and Mrs. Jyoti Vibin Nair ,Scout and Guide teachers, School Staff members and the school scouts & guides. They planted the gifted saplings of neem, guava, shesham .

The School celebrated Virtual Van Mahotsav by organizing competitions like Essay Writing, Speech and Painting which the children participated enthusiastically. They sent pictures of them planting sapling at home, sent videos of speech and PDFs of the essay writing.

The importance of planting more and more trees is the need of the hour and let’s make our Earth Pollution Tree.

<u>वृक्षारोपण सप्ताह</u>

धरती की बस यही पुकार,
पेड़ लगाओ बारम्बार।
पेड़ धरती की शान है
जीवन की मुस्कान है।

जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार वृक्षारोपण सप्ताह 7 जुलाई 2021 से 14 जुलाई 2021 के अंतर्गत

आज दिनांक 8.7.2021 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सार्थक, प्रयास किया गया। संकुल केंद्र आनंद नगर शासकीय विद्यालय द्वारा 20 पौधे विद्यालय को उपलब्ध कराए गए। संकुल द्वारा प्रदान किए पौधों को पूर्ण व्यवस्थित ढंग से विद्यालय परिसर में रोपित किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रोविंशियल सुपीरियर दिल्ली प्रोविन्स सेंट गेब्रियल ब्रदर्स आदरणीय ब्रदर जेम्स एक्का के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रारंभ करने के लिए सर्वप्रथम संकुल प्राचार्य द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्ष रोपित किये गए। उनके साथ ही विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के., उप प्रचार्य ब्रदर बीनू सी. सी., कोऑर्डिनेटर सिस्टर जैनी, सिस्टर ऐंजल एवं श्रीमती ज्योति विपिन नायर द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षों को रोपित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्काउट एवं गाइड प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया तथा साथ स्काउट गाइड शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाओं, स्काउट ,गाइड के विद्यार्थियों ने अपनी घरों में भी विभिन्न पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर वृक्षों का महत्व बताया। प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। सभी प्रतियोगिताओं में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार एवं कलाकृतियाँ प्रस्तुत की गईं।

इस अवसर पर नीम, अमरूद ,शीशम आदि वृक्षों के पौधे लगाए गए।

विद्यालय में वृक्षारोपण के उपरांत वृक्षों की सुरक्षा एवं देखभाल का पूर्ण प्रबंध किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।